सुविधा. सीएम ने किया निरीक्षण, अधिकारियों ने 31 तक निर्माण पूरा करने का दिया भरोसा

# कंगन घाट से दीदारगंज तक जेपी गंगापथ का निर्माण तेजी से करें पूरा : मुख्यमंत्री

संवाददाता, पटना

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने रविवार को कंगन घाट से दीदारगंज तक जेपी गंगापथ के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर इसे तेजी से पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है. उन्होंने कहा है कि हमने इसके निर्माण कार्य को बराबर आकर देखा है. दीदारगंज तक जेपी गंगापथ का निर्माण होने से बिहारशरीफ, मोकामा और बेगूसराय तक जाने में समय की बचत होगी. यात्रियों को पटना शहर और शहर के बाहर कहीं भी आने-जाने में सहूलियत होगी. जेपी गंगापथ परियोजना अपने आप में अद्भुत है. इससे यातायात में गतिशीलता और सहूलियत होगी.

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जेपी गंगापथ परियोजना के अंतर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक के भाग का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है. 31 मार्च तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा. निरीक्षण के दौरान सीएम के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, सीएम के सचिव अनुपम कुमार व कुमार रवि, सीएम के ओएसडी गोपाल सिंह, डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, एसएसपी अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे.



रविवार को कंगन घाट से दीदारगंज तक गंगापथ के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार.

### पटना साहिब-पटना घाट पथ के निर्माण की भी ली जानकारी


साइट मैप के माध्यम से अधिकारियों ने जेपी गंगापथ परियोजना के अंतर्गत रेलवे से हस्तांतरित होने वाली भूमि पर प्रस्तावित पटना साहिब-पटना घाट पथ तक निर्माण कार्य की भी जानकारी दी. साथ ही अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को दीदारगंज-बख्तियारपुर-मोकामा पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य के संबंध में भी जानकारी दी.

## बांसघाट से जेपी गंगापथ की होगी कनेक्टिविटी, डीपीआर हो रही तैयार

प्रमोद झा, पटना

- एएन सिन्हा की तरह पुल बनाने के साथ मिट्टी भर कर बनेगा रैंप

अशोक राजपथ में बांसघाट के पास से जेपी गंगापथ पर आने-जाने के लिए एक और रास्ता होगा. एएन सिन्हा के पास जेपी गंगापथ से कनेक्टिविटी देने के लिए यहां भी सड़क व पुल बनाये जायेंगे. इसके लिए डीपीआर तैयार तैयार हो रही है. कंसल्टेंट को डीपीआर बनाने के लिए कहा गया है. बांसघाट से जेपी गंगापथ के बीच लगभग 400 मीटर की दूरी है. सूत्र ने बताया कि मंदिरी इलाके से आयकर गोलंबर की ओर आने-जाने के लिए मंदिरी नाले पर सड़क का निर्माण हो रहा है. मंदिरी नाले पर बननेवाली सड़क को जेपी गंगापथ के साथ कनेक्ट करने का काम होना है. इसके बनने से बेली रोड का सीधा संपर्क जेपी गंगापथ से होगा. इससे पीएमसीएच व एम्स पहुंचना आसान होगा. बिहार राज्य पथ विकास निगम की ओर से जेपी गंगापथ को कनेक्टिविटी देने के लिए पुल व सड़क का निर्माण किया जायेगा. इसके निर्माण पर 52.28 करोड़ रुपये खर्च होंगे.



बांसघाट के सामने जेपी गंगापथ की कनेक्टिविटी होने से लोगों को बहुत सुविधा होगी. यहां कनेक्टिविटी देने के लिए पुल के साथ सड़क का निर्माण होगा. इसके निर्माण को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गयी है. इसके बनने से जेपी गंगापथ से सीधे लोग आयकर गोलंबर पहुंच जायेंगे.

**-नितिन नवीन,** पथ निर्माण मंत्री